This question paper contains 6 printed pages.]

आपका अनुक्रमांक ..................

**7869** **A**

# DIPLOMA

## HINDI—Paper I

## (Grammar, Composition)

## (अनुप्रयुक्त व्याकरण तथा रचना)

समय : 3 घण्टे पूर्णांक : 100

(इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए।)

## खंड 'क'

## (अनुप्रयुक्त व्याकरण)

1. (क) किन्हीं **पाँच** वाक्यों को निर्देशानुसार बदलिए :

(i) आपने चाय पी। (भविष्यत् काल)

(ii) वे अपना काम कर लेंगे। (भूतकाल)

(iii) वह हिंदी पढ़ेगा। (वर्तमान काल)

(iv) वे बाजार जा रहे हैं। (भूतकाल)

(v) वह रोज यहाँ आता था। (वर्तमान काल)

(vi) आप समय पर कक्षा में आते हैं। (भविष्यत् काल)

[P.T.O.

(vii) मैं विश्वविद्यालय जा रहा था। (वर्तमान काल)

(viii) वह कॉफी नहीं पीता। (भूतकाल)

(ix) मैं तो मैट्रो रेल से जाता हूँ। (भविष्यत् काल)

(x) वह आज कुछ नहीं करेगा। (भूतकाल)

5

(ख) किन्हीं **पाँच** शब्दों से वाक्य बनाइए :

प्रधानमंत्री, सामाजिक, संस्कृति, धर्म, आर्थिक, प्रसन्नता, सुंदर, कभी-कभी, फौरन, मौसम। 5

2. (क) किन्हीं **पाँच** व्यंजन-गुच्छों के आधार पर शब्द बनाइए :

स्त, त्र, ब्द, प्र, त्य, क्य, श्व, च्च, न्य, र्य 5

(ख) किन्हीं **पाँच** क्रियारूपों के प्रेरणार्थक रूप लिखिए :

उदाहरण : पढ़ना-पढ़ाना

देखना, हँसना, पीना, करना, धोना, गिरना, सोना, लिखना, खाना, रोना। 5

3. (क) किन्हीं **पाँच** वाक्यों में आए क्रियाभावों (निश्चयार्थ, संदेहार्थ, संभावनार्थ, आज्ञा आदि) का निर्देश कीजिए :

(i) शायद आज मेरा मित्र आए।

(ii) आप नीचे बैठ जाइए।

(iii) वह सो रहा होगा।

(iv) इस कहानी के लेखक प्रेमचंद हैं।

(v) पता नहीं वह पास होगा या फेल।

(vi) पहले तुम पढ़ो।

(vii) हो सकता है वह भी मेरे साथ जाए।

(viii) आपने मेरा काम नहीं किया।

(ix) शायद मैं भी पास हो जाऊँ।

(x) लगता है वह अब आएगा नहीं। 10

(ख) किन्हीं **पाँच** वाक्यों का निर्देशानुसार वाच्य-परिवर्तन कीजिए :

(i) मैं पानी नहीं पीता। (कर्म वाच्य)

(ii) मुझसे अब नहीं बैठा जाता। (कर्तृ वाच्य)

(iii) यह कविता किसने लिखी है। (कर्म वाच्य)

(iv) अब यह काम कल किया जाएगा। (कर्तृ वाच्य)

(v) विद्यार्थी बाजार से पुस्तकें खरीदेंगे। (कर्म वाच्य)

(vi) यह तसवीर किसके द्वारा बनाई गई है। (कर्तृ वाच्य)

(vii) बाजार से सब्जी कौन लाएगा? (कर्म वाच्य)

(viii) आपसे कुछ भी नहीं किया जाता। (कर्तृ वाच्य)

(ix) मैं पत्र नहीं लिखूँगा। (कर्म वाच्य)

(x) लड़कियाँ हॉकी खेल रही हैं। (कर्म वाच्य)

10

4. किन्हीं **पाँच** का निर्देशानुसार रूपांतरण कीजिए :

(i) जैसे ही काम पूरा हुआ, हम घर आ गए। (सरल वाक्य)

(ii) मैंने खाना खाया। मैंने चाय पी। (संयुक्त वाक्य)

(iii) मैं घर पहुँचा और वर्षा शुरू हो गई। (सरल वाक्य)

(iv) वह चल नहीं सकता। वह बीमार है। (मिश्र वाक्य)

(v) मैं घर जाऊँगा। फिर फिल्म देखने जाऊँगा। (सरल वाक्य)

(vi) तुम मेहनत करोगे। पास हो जाओगे। (मिश्र वाक्य)

(vii) मैं घर पहुँचा। मैंने खाना खाया। (सरल वाक्य)

(viii) ज्यों ही बच्चा सोकर उठा, वह रोने लगा। (सरल वाक्य)

(ix) मुझसे बात करते ही वह सब-कुछ समझ गया। (मिश्र वाक्य)

(x) आप यहाँ बैठिए और कुछ देर आराम कीजिए। (सरल वाक्य)

10

## खंड 'ख'

## (रचना)

5. किसी एक विषय पर संक्षिप्त अनुच्छेद (Paragraph) लिखिए :

(i) मेरा प्रिय मित्र

(ii) कोई त्योहार

(iii) दिल्ली मैट्रो रेल। 10

6. आपको राजस्थान घूमने जाना है। इसलिए अध्यक्ष, हिंदी विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय को सात दिन के अवकाश के लिए प्रार्थनापत्र लिखिए।

**अथवा**

कुछ हिंदी पुस्तकें मँगाने के लिए पुस्तक विक्रेता को पत्र लिखिए। 10

7. किसी **एक** विषय पर संवाद लिखिए :

(i) सब्जी/कपड़े खरीदते समय दुकानदार से बातचीत।

(ii) किसी पर्यटन स्थल (Tourist Place) के भ्रमण के बारे में मित्र से टेलीफोन पर वार्तालाप। 10

8. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

किसी नगर में चित्रांग नाम का एक कुत्ता रहता था। संयोग से वहाँ लंबे समय के लिए अकाल पड़ गया। कुत्ते, बिल्ली आदि जीव-जंतु भूखों मरने लगे। भूख-प्यास से परेशान होकर चित्रांग विदेश चला गया। मौका पाकर वह लोगों के घरों में घुस जाता और तरह-तरह के पकवानों पर हाथ साफ करता। लेकिन खाने के बाद जब वह बाहर निकलता तो आसपास के मोटे-तगड़े कुत्ते उसे घेर लेते और काट-काटकर लहूलुहान कर देते। तब वह सोचने लगा, "अरे! इससे तो अपना ही देश अच्छा है। वहाँ अभाव के बावजूद चैन से रह तो सकते हैं। वहाँ कोई इस तरह लड़ता-झगड़ता तो नहीं।" ऐसा सोचकर वह अपने शहर में लौट आया।

विदेश से लौट आने पर चित्रांग को उसके सगे-संबंधियों ने चारों ओर से घेर लिया। वे पूछने लगे, "अरे भाई चित्रांग! हम लोगों को भी सुनाओ विदेश के हालचाल। कैसा देश है वह? वहाँ के निवासी कैसे हैं? उनका खान-पान क्या है? बर्ताव व्यवहार कैसा है?"

चित्रांग ने उत्तर दिया, "अरे भाई! विदेश के बारे में तो कहना ही क्या है! वहाँ की जितनी तारीफ की जाए कम है। वहाँ संपन्नता है। एक-से-एक अच्छी खाने-पीने की चीजें हैं। वहाँ बस एक ही कमी है। वहाँ अपनी जाति के लोग ही एक-दूसरे के दुश्मन हैं और आपस में लड़ते रहते हैं।"

(क) (i) चित्रांग विदेश क्यों चला गया?

(ii) अन्य कुत्तों के व्यवहार से दुखी होकर चित्रांग ने क्या सोचा?

(iii) चित्रांग के सगे-संबंधियों ने उससे क्या पूछा?

(iv) चित्रांग ने क्या उत्तर दिया?

(v) विदेश में चित्रांग ने एकमात्र कमी क्या बताई? $5 \times 2 = 10$

(ख) उपर्युक्त गद्यांश का सार लिखिए और इसका कोई उपयुक्त शीर्षक भी दीजिए। $8 + 2 = 10$